भारत सरकार
खान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4096
दिनांक 30.03.2026 को उत्तर देने के लिए

राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन

4096. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि जीएसआई ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के अंतर्गत लगभग 200 महत्वपूर्ण खनिज अन्वेषण परियोजनाएं संचालित की हैं;
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त 200 में से आंध्र प्रदेश राज्य में संचालित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान नीलाम किए गए महत्वपूर्ण एवं सामरिक दृष्टि से अहम खनिज खंडों का ब्यौरा क्या है तथा क्या इनमें उक्त राज्य से संबंधित कोई खंड सम्मिलित है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दूबे)

(क) और (ख): राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने कार्य सत्र 2024-25 में महत्वपूर्ण खनिजों के लिए 195 खनिज गवेषण परियोजनाएं और कार्य सत्र 2025-26 में 230 परियोजनाएं कार्यान्वित कीं। इनमें से आंध्र प्रदेश में, जीएसआई ने कार्य सत्र 2024-25 के दौरान महत्वपूर्ण खनिजों के लिए 8 खनिज गवेषण परियोजनाएं और कार्य सत्र 2025-26 में 11 परियोजनाएं कार्यान्वित कीं, जिनका विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) और (घ): वर्ष 2021-22 से लेकर खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 (एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023) तक, राज्य सरकारों द्वारा कुल 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों (4 खनन पट्टे और 16 समेकित अनुज्ञप्ति) की नीलामी की गई। एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 ने केंद्र सरकार को एमएमडीआर अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग घ में विनिर्दिष्ट महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों के संबंध में विशेष रूप से खनन पट्टों (एमएल) और समेकित अनुज्ञप्ति (सीएल) की नीलामी करने का अधिकार दिया

है। एमएमडीआर संशोधन 2023 के बाद, केंद्र सरकार ने 46 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी की है, जिनमें 7 एमएल और 39 सीएल शामिल हैं। इनमें से, 2 ब्लॉकों की नीलामी आंध्र प्रदेश में सीएल के रूप में की गई है तथा जिनका विवरण इस प्रकार है:

ब्लॉक का नाम	खनिज पदार्थ	वर्ष
बालेपल्याम टंगस्टन और संबद्ध खनिज ब्लॉक	टंगस्टन और संबद्ध खनिज	2024-25
लक्ष्मीपुरम कोबाल्ट और मैंगनीज ब्लॉक	कोबाल्ट और मैंगनीज	2025-26

*****

अनुलग्नक-I

कार्य सत्र 2024-25 और 2025-26 के दौरान आंध्र प्रदेश में जीएसआई द्वारा कार्यान्वित की गईं महत्वपूर्ण और सामरिक खनिज गवेषण परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	कार्य सत्र	जिला	खनिज ब्लॉक/क्षेत्र का नाम	यूएनएफसी चरण	खनिज
कार्य सत्र 2024-2025					
1	2024-25	एलुरु	अलिवेरु-दोरामामिडी	जी4	ग्रेफाइट
2	2024-25	विजयनगरम और अल्लूरी सीतारामराजू	कोरलाम-बुडातानापल्ली	जी4	ग्रेफाइट
3	2024-25	वाईएसआर कडप्पा	मुरचिंताला-वेंकटपुरम	जी4	लिथियम
4	2024-25	नंद्याल और अनंतपुरमु	कोम्ममरी-राचेरला	जी4	फॉस्फोराइट
5	2024-25	नेल्लोर	कोट्टापलेम-चमाडाला	जी4	आरईई
6	2024-25	कुरनूल	गुडूर-बिदिदापाड	जी4	टिन
7	2024-25	अन्नामय्या	एन्डापल्ली	जी4	आरईई
8	2024-25	विजयनगरम और विशाखापत्तनम	चेल्लुरु-सावरविली	जी4	आरईई
कार्य सत्र 2025-2026					
1	2025-26	अल्लूरी सीताराम राजू	उटला	जी2	ग्रेफाइट
2	2025-26	अनकापल्ली	चिन्ना कोक्किरापल्ली	जी3	ग्रेफाइट
3	2025-26	प्रकाशम	पोडिली	जी3	नाइओबियम
4	2025-26	प्रकाशम	कनिगिरी	जी3	नाइओबियम
5	2025-26	विशाखापत्तनम और विजयनगरम	कासिपटनम-वेंकय्यापालेम	जी4	आरईई
6	2025-26	पलनाडु और प्रकाशम	चिंतालाचेरुवु	जी4	आरईई
7	2025-26	अनंतपुर	एरागुंटापल्ली - पुत्लुरु	जी4	फॉस्फोराइट
8	2025-26	एसपीएसआर नेल्लोर	चिंतालापलेम-सिरिपुरम	जी4	आरईई
9	2025-26	बापटला और पलनाडु	एलचुरु-गुर्जेपल्ली	जी4	आरईई
10	2025-26	पूर्वी गोदावरी	राघवापट्टनम-पेद्दामल्लापुरम	जी4	ग्रेफाइट
11	2025-26	श्री सत्य साईं	तेकुलोडु-चिलामातुरु	जी4	निकल